फैक्टी से बरामद किया नकली टॉयलेट क्लीनर

Publish Date:Sun, 08 Jul 2018 07:32 PM (IST)

जागरण संवाददाता, रुड़की: नकली सर्फ के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने भगवानपुर स्थित नकली फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में टॉयलेट क्लीनर भी बरामद किए हैं। पुलिस बरामद नकली सर्फ को नष्ट करने की तैयारी कर रही है। पुलिस को पता चला है कि नकली सर्फ कई शहरों में सप्लाई हो रहा था।

रुड़की सिविललाइंस कोतवाली पुलिस ने शनिवार की शाम को सती मोहल्ला में एक लोडर पकड़ा था। जिसमें एक ब्रांडेट कंपनी के नाम से तैयार किया गया नकली सर्फ लदा था। पुलिस को लोडर से 50 बोरे बरामद हुए थे। एक बोरे में 25 नकली सर्फ के बोरे लदे थे। पुलिस ने इस मामले में सर्फ कंपनी के मैनेजर प्रमोद चंदोलकर की तहरीर पर नकली सर्फ खरीदने वाले नदीम निवासी गादला थाना भोपा जिला मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया था। जांच में पुलिस को पता चला था कि नकली सर्फ भगवानपुर में तैयार हो रहा था। पुलिस ने रविवार की देर शाम भगवानपुर कस्बे में छापा मारकर एक मकान में चल रही इस नकली फैक्ट्री को पकड़ा था। एसएसपी कृष्ण कुमार वीके ने बताया कि यहां से नकली सर्फ के अलावा एक कंपनी के नाम से तैयार किए गए नकली टॉयलेट क्लीनर बरामद हुए। एसएसपी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में नदीम के अलावा दिलशाद, आजाद निवासी मोहल्ला बाहरी किला लंढौरा कोतवाली मंगलौर तथा गुलफाम निवासी खेलपुर थाना भगवानपुर को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि कई शहरों में सर्फ सप्लाई होने की बात सामने आई है। जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि बरामद माल का कुछ सैंपल रखने के बाद बाकी नकली माल को नष्ट कराया जाएगा।

Source: https://www.jagran.com/uttarakhand/haridwar-recovered-from-fate-fake-toilet-cleaners-18173423.html